SVEEP (स्वीप)

Systematic Voter’s Education and Electoral Participation

नव मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवा कर ऑनलाइन पंजीकरण

दिनांक 2/9/2022 को स्वीप प्रकोष्ठ के अंतर्गत 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहीं नव मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवा कर ऑनलाइन पंजीकरण करवाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वे छात्राएं जिनका पूर्व में पंजीकरण हो चुका है उनको वोटर आईडी को अपने आधार से लिंक करने की प्रक्रिया बताई गई तथा मतदान से संबंधित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बारे में दी जानकारी

संदेश न्यूज। कोटा. जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में स्वीप प्रकोष्ठ के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता क्लब प्रभारी डॉ.जयश्री डावरे द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर रही नवमतदाताओं को वोटर हैल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाकर ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के लिए जागरूक किया। वह छात्राएं जिनका पंजीकरण पूर्व में हो चुका है, जिनको अपनी वोटर आईडी को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया बताई गई तथ मतदान से संबंधित पोस्टर एव स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव द्वारा छात्राओं को शत-प्रतिशत पंजीयन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

मतदान के लिए नवमतदाताओं को किया जागरूक

नवज्योति/ कोटा

जेडीबी साइंस कॉलेज में शनिवार को स्वीप प्रकोष्ठ के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता क्लब प्रभारी डॉ. जयश्री ने नवमतदाताओं को वोटर हैल्प लाइन एप के जरिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के तरीके बताए। साथ ही जिन विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है, उनको अपनी वोटर आइडी को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया समझाई। इस दौरान मतदान से संबंधित पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य संजय भागर्व ने छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया।

मतदान से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिताएं

कोटा @ पत्रिका. जेडीबी साइंस कॉलेज में स्वीप प्रकोष्ठ के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मतदाता जागरुकता क्लब की प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे ने बताया कि 18 वर्ष पूर्ण कर रही नवमतदाताओं को वोटर हैल्पलाइन, एप डाउनलोड करवाकर ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के लिए जागरूक किया। वह छात्राएं जिनका पंजीकरण पूर्व में हो चुका है, उनको अपनी वोटर आईडी को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया बताई गई। मतदान से संबंधित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को शत प्रतिशत पंजीयन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य

राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा